# हनुमान जयंती पर मेरठ रेंज मे 65 शोभायात्राएं व 137 कार्यक्रम

- 2215 पुलिसकर्मी सम्भालेंगे सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी
- संवेदनशील और मिश्रित क्षेत्रों की ड्रोन कैमरों से होगी निगरानी
- सोशल मीडिया माध्यमों पर आपत्तिजनक/भड़काऊ पोस्ट करने वालो पर रखी जाएगी पैनी नजर



डीआईजी कलानिधि नैथानी।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** हनुमान जयंती के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत मेरठ रेंज में कड़े पुलिस प्रबन्ध किए गए हैं। कानून व्यवस्था के दृष्टिगत परिक्षेत्र के जनपदों में 05 अपर पुलिस अधीक्षक, 23 सीओ, 85 निरीक्षक, 362 उ.नि., 555 मु.आ., 770 आरक्षी एवं 415 हो. गार्ड/पीआरडी व एक कम्पनी पीएसी की ड्यूटी लगाई गई है। कुल हनुमान मन्दिरों की संख्या-288, मेरठ-95, बुलंदशहर-113, बागपत-26, हापुड़-54 है। हनुमान जयंती के अवसर पर परिक्षेत्र के जनपद मेरठ, बुलंदशहर, बागपत व हापुड़ में 65 शोभायात्राएं व 137 अन्य कार्यक्रम (पूजा अर्चना, भण्डारा आदि) होना प्रस्तावित हैं। शोभायात्रा के मार्ग में पड़ने वाले 57 स्थानों को संवे. दनशील/हॉटस्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया है जिनमे जनपद मेरठ में 07, बुलन्दशहर में 37 व हापुड़ में 13 हॉटस्पॉट चिन्हित किये गये हैं।

परिक्षेत्र के जनपद मेरठ में 20, बुलंदशहर में 26, बागपत में 05 एवं हापुड़ में 15 कुल 65 शोभायात्राएं तथा मेरठ मे 69 बुलंदशहर में 36, बागपत में 05 एवं हापुड़ 27 कुल-137 अन्य कार्यक्रम (पूजा अर्चना, भण्डारा आदि) होना प्रस्तावित हैं। हनुमान जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु परिक्षेत्र की सभी जनपदीय पुलिस द्वारा पीस कमेटी/धर्मगुरु/शांति समिति/संभ्रान्त व्यक्तियों के साथ 88, अन्य विभाग जैसे नगर निगम, स्वास्थ्य, विद्युत आदि के साथ 73 एवं आयोजकों/संयोजकों के साथ 80 गोष्ठियां आयोजित कर ली गई है। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष हनुमान की जयंती दिनांक 2 अप्रैल 2026 को मनाई जाएगी। इस अवसर पर मंदिरों में भजन/कीर्तन/पूजा-अर्चना के उपरांत शोभायात्रा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि का आयोजन किया जाता है। हनुमान जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु डीआईजी रेंज मेरठ कलानिधि नैथानी द्वारा कानून एवं व्यवस्था के दृष्टिगत परिक्षेत्र के सभी जनपद प्रभारियों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। शोभायात्रा व कार्यक्रमों के आयोजकों से समयान्तर्गत गोष्ठी आयोजित करके सकुशल व शान्तिपूर्ण आयोजन की रूपरेखा तैयार कर ली जाये तथा जुलूस/शोभायात्रा के मार्गों का चिन्हांकन कर समुचित पुलिस प्रबन्ध किया जाये। जनपद के अन्तर्गत विभिन्न शहरों, कस्बों तथा मोहल्लों में पूर्व में गठित शान्ति समितियों की बैठक आयोजित कर सम्भ्रान्त नागरिकों, शान्ति समितियों, नागरिक सुरक्षा संगठन के सदस्यों का सक्रिय सहयोग प्राप्त कर लिया जाये। त्यौहार रजिस्टर तथा रजिस्टर नं.-8 का अवलोकन स्वयं कर लें। विगत वर्षो में यदि कोई भी विवाद सामने आया हो और अभी तक उसका निस्तारण न हो पाया हो तो जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर उसका त्वरित समाधान कराना सुनिश्चित करें, किसी नई परम्परा की अनुमति न दी जाये। थानाध्यक्षों, क्षेत्राधिकारियों को यह स्पष्ट निर्देश दिये जायें कि वे प्रत्येक छोटी से छोटी घटना/प्रकरण को गम्भीरता से लें। अपने सहयोगी मजिस्ट्रेट के साथ तत्काल कार्यक्रम स्थल/मार्ग का निरीक्षण करें एवं विवाद को हल करने तथा साम्प्रदायिक संवेदनशीलता को समाप्त करने हेतु कड़े एवं प्रभावी उपाय सुनिश्चित किया जाये। जनपद के विवादित स्थलों तथा कार्यक्रम आयोजन के स्थानों का क्षेत्राधिकारी द्वारा पूर्व में ही भ्रमण कर लिया जाये। अगर कोई विवाद/त्रुटि परिलक्षित होती हैं तो उसे तत्काल दूर करा लिया जाये। स्थानीय अभिसूचना इकाई के अधिकारियों/कर्मचारियों को सतर्क कर दिया जाय। विभिन्न असामाजिक, अवांछनीय एवं साम्प्रदायिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाय एवं विभिन्न अभिसूचना इकाईयों के माध्यम से प्राप्त होने वाली लाभप्रद सूचनाओं के आधार पर समय रहते प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जनपद के संवेदनशील क्षेत्रों व अन्य स्थानों पर भी पुलिस पेट्रोलिंग करायी जाये, जिससे कि कोई अप्रिय घटना न घटित होने पाये। पिछले 05 वर्षों में हनुमान जयंती के अवसर पर यू.पी.-112 के इवेंट लॉग का अध्ययन कर उत्पन्न होने वाली समस्याओंध्घटित घटनाओं का असेसमेंट कर आकस्मिक घटनाओं के दृष्टिगत अभी से योजना तैयार कर ली जाये। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में शोभायात्रा निकलने वाले मार्गों पर फ्लैग मार्च करा लिया जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कि शोभायात्रा के दौरान महिलाओं के साथ छेड़खानी आदि की घटना न हो, इसके लिये पर्याप्त संख्या में सादी वर्दी में पुरूष एवं महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाये।

विद्युतजनित व अग्निजनित दुर्घटना को रोकने के लिये फायर सर्विस के वाहनों व कर्मियों का समुचित रणनीतिक व्यवस्थापन किया जाये। नगरपालिका/नगर निगम व अन्य विभाग के पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर पानी, साफ सफाई एवं प्रकाश की उचित व्यवस्था की जाये। जनपद स्तर पर संदिग्ध वाहनों की चैकिंग करायी जाए एवं जनपदीय नियन्त्रण कक्ष द्वारा सूचनाओं का प्रभावी सम्प्रेषण किया जाए। सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों जैसे-फेसबुक/इन्स्टाग्राम/ट्वीटर/वाट्सएप आदि पर सतर्क दृष्टि रखी जाये, असत्य एवं भ्रामक सूचना प्रसा. रित होने पर उसका प्रभावी खण्डन किया जाए।

## विश्व ऑर्थोपेडिक दिवस पर सुभारती में 'विजन मैनेजमेंट' विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सुभारती कॉलेज ऑफ एलाइड एंड हेल्थ केयर, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के ऑर्थोपेडिक विभाग द्वारा विश्व ऑर्थोपेडिक दिवस के अवसर पर 'विजन मैनेजमेंट' विषय पर एक महत्वपूर्ण अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों एवं फैकल्टी सदस्यों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। व्याख्यान का संचालन डॉ. सिद्धार्थ सिंह, सहायक प्रोफेसर, नेत्र रोग विभाग, सुभारती मेडिकल कॉलेज द्वारा किया गया।

उन्होंने अपने व्याख्यान में आउट पेशेंट विभाग में प्रभावी विजन मैनेजमेंट की तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की तथा इसके क्लिनिकल महत्व को सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया। उनके व्याख्यान ने छात्रों को आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों और रोगी देखभाल के प्रति एक नई दृष्टि प्रदान की। इस अवसर पर बैचलर ऑफ ऑर्थोपेडिक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए क्लिनिकल प्रैक्टिस से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

# पांचली बुजुर्ग में निजी धनराशि से पुलिया निर्माण, प्रत्याशी इस्तखार चौहान की पहल की हुई सराहना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पांचली बुजुर्ग में प्रधान पद के प्रत्याशी इस्तखार चौहान द्वारा अपनी निजी धनरा. शि से कराए जा रहे विकास कार्यों की ग्रामीणों ने सराहना की है। इन कार्यों में तकिया वाली मस्जिद के सामने तथा तकिया वाली बस्ती को जोड़ने वाले मार्ग पर पुलिया का निर्माण प्रमुख रूप से शामिल है। बताया गया कि इस पुलिया के निर्माण से स्थानीय लोगों को आवागमन में कफी सुविधा मिलेगी। खासकर बरसात के दिनों में जलभराव के कारण होने वाली परेशानियों से ग्रामीणों को राहत मिलने की उम्मीद है। लंबे समय से इस स्थान पर पुलिया निर्माण की मांग की जा रही थी, जो अब पूरी होती नजर आ रही है। कार्य शुरू होने से बस्ती के लोगों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने इस्तखार चौहान को मौके पर बुलाकर उनका सम्मान किया और आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्य गांव के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। हालांकि ग्रामीणों ने यह भी मांग रखी कि क्षेत्र के अन्य जरूरी विकास कार्यों पर भी ध्यान दिया जाए, ताकि पूरे गांव का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।



# कलयुगी बेटे ने गला दबाकर मां को उतारा मौत के घाट

**हस्तिनापुर के अकबरपुर गढ़ी गांव की बंगाली बस्ती का मामला, खुद पुलिस को फोन कर दी हत्या की जानकारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना/हस्तिनापुर।** मामूली विवाद में एक कलयुगी बेटे की अपनी मां को गला दबाकर मौत के घाट उतार दिया। शनिवार को हत्या करने के बाद आरोपी हार्ट से मौत की बात कहता रहा, लेकिन किसी को शव के पास जाने नहीं दिया। जिस पर पड़ोसियों को शक हो गया। अपने आप को घिरता देख आरोपी ने खुद ही देर रात पुलिस को फोन कर हत्या करने की बात कबूल ली। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। यह घटना थाना हस्तिनापुर क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर गढ़ी की बंगाली बस्ती की है। पुलिस के मुताबिक बस्ती निवासी संजय ने मामूली विवाद होने पर अपनी 50 वर्षीय मां निर्मला की गला दबाकर हत्या कर दी। उसके बाद पड़ोस और रिश्तेदारों को बताया कि हार्ट अटैक से उसकी मौत की मौत हो गई है। पड़ोसी और रिश्तेदारों को उसने शव के पास जाने नहीं दिया। जिस पर पड़ोसियों को सदेह हुआ। किसी पड़ोसी ने शव के गले पर निशान देखे तो सभी को शक हो गया। संजय का भाई विपुल उत्तराखंड से रात करीब 9 बजे घर पहुंचा तो पड़ोस के लोगों ने उसे भी यह जानकारी दी। विपुल ने सख्ती से सजय से पूछताछ की तो आरोपी संजय घर से बाहर चला गया और रात करीब पौने 11 बजे उसने खुद ही पुलिस को फोन कर हत्या करने की बात स्वीकार की। सूचना मिलने पर पुलिस गांव में पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। विपुल ने अपने भाई के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।




### अपने बेटे की भी की थी हत्या

सीओ मवाना पंकज लवानिया ने बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व अपनी पत्नी से विवाद के बाद आरोपी संजय ने छह महीने के बेटे की हत्या कर दी थी। बेटे की हत्या के मुकदम में वह जमानत पर बाहर था। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद महिला का शव गांव में पहुंचा, जहां गमगीन माहौल में अंतिम सस्कार किया गया।

# दादरी रैली में मंच से अखिलेश यादव ने लिया चौधरी जगवीर सिंह का नाम

**भारी काफिले के साथ पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी जगवीर सिंह पहुंचे थे रैली में**

- पूर्व विधायक योगेश वर्मा भी पूर्व कैबिनेट मंत्री के साथ पहुंचे थे रैली में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** समाजवादी पार्टी ने दादरी रैली से 2027 विधानसभा चुनाव की रणभेरी बजा दी है। हस्तिनापुर क्षेत्र से पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी जगवीर सिंह गुर्जर व पूर्व विधायक योगेश वर्मा बड़े काफिले के साथ रैली में शामिल हुए और दोनों नेताओं को मंच पर विशेष स्थान दिया गया। अपने संबोधन के दौरान सपा मुखिया अखिलेश यादव ने दोनों नेताओं का नाम लिया। उन्होंने मंच से कहा कि मुजफ्फरनगर सीट से हरेंद्र मलिक को जीत दिलाने में चौधरी जगवीर सिंह का योगदान रहा है। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने भी रैली सफल बनाने दोनों नेताओं का आभार प्रकट किया। दादरी रैली को लेकर पिछले कई दिनों से सपा नेताओं की तैयारी चल रही थी। रैली को सफल बनाने के लिए पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी जगवीर सिंह गुर्जर व पूर्व विधायक योगेश वर्मा ने सघन जनसंपर्क किया था। रविवार सुबह हजारों लोगों के काफिले के साथ उनका नेतृत्व करते हुए दोनों नेता दादरी पहुंचे और मंचासीन होकर रैली में शामिल हुए। दोनों नेताओं को सपा मुखिया की मौजूदगी में संबोधन करने का मौका देते हुए विशेष तरजीह दी गई। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने दोनों नेताओं का नाम मच से लेते हुए कहा कि पूर्व कैबिनेट मंत्री ने पार्टी के लिए बहुत काम किया है। मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से हरेंद्र मलिक को पूरे दमखम से चुनाव लड़वाया और वहां सपा की जीत दर्ज कराई। सपा मुखिया के इस संबोधन पर पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा। पार्टी प्रवक्ता और मुखर वक्ता राज. कुमार भाटी ने भी दोनों नेताओं का नाम मच से लिया और रैली में कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ जुटाने पर दोनों का आभार प्रकट किया।



### योगेश वर्मा को तरजीह देकर इशारा कर गए अखिलेश

जिस तरीके से सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपने संबोधन में पूर्व विधायक एवं 2022 में हस्तिनापुर विधानसभा सीट से पार्टी के प्रत्याशी रह योगेश वर्मा का नाम लिया, यह कहीं न कहीं 2027 वो चुनाव में फिर से योगेश वर्मा के प्रत्याशी बनने की ओर इशारा करता है। वहीं योगेश वर्मा के साथ पूर्व कॅबिनेट मंत्री चौधरी जगवीर सिंह गुर्जर के पहुंचने से इस इशारे को च्खासा बल भी मिला। क्योंकि क्षेत्र की राजनीति में बड़ा कद रखने वाले चौधरी जगवीर सिंह गुर्जर का योगेश वर्मा के साथ सक्रिय होना राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## सुभारती में विज्ञानोत्सव 2026 के तीसरा दिन खेल उत्साह और एआई नवाचार का भव्य संगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ में आयोजित 'विज्ञानोत्सव 2026' के तीसरे दिन बौद्धिक उत्कृष्टता और खेल भावना का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम ने विश्वविद्यालय की समग्र छात्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से प्रदर्शित किया, जहाँ तकनीकी नवाचार और खेल प्रतिभा दोनों ही चरम पर नजर आए। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं रहीं, जिनका सफल समन्वय इंजीनियर मयंकेश्वर सिंह द्वारा किया गया। प्रतियोगिताओं में बॉक्स क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, शतरंज एवं कैरम जैसी प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गईं। इन खेलों का संचालन अनुभवी समन्वयकों के निर्देशन में हुआ, जिसमें डॉ. विकास शर्मा (बॉक्स क्रिकेट), इंजीनियर मयंकेश्वर सिंह (वॉलीबॉल), इंजी. नियर रवि अग्रवाल (शतरंज), डॉ. संजीव कुमार (बैडमिंटन) तथा इंजीनियर अभिनव सिंह (कैरम) शामिल रहे। छात्रों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, टीम भावना और जोश का प्रदर्शन किया, जिससे पूरे परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा। वहीं दूसरी ओर प्रमुख आकर्षण 'शुभशास्त्र 24 घंटे एआई हैकाथॉन 2026' का ग्रैंड फिनाले रहा। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सर्गेई कोल्त्सोव (प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ इन्फॉर्मेटिक्स एवं प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर, नेशनल रिसर्च यूनिवर्सिटी हायर स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, सेंट पीटर्सबर्ग) रहे। उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्तर की पहचान प्रदान की।

# केके पब्लिक स्कूल में किड्स प्ले जोन का शुभारंभ, बच्चों ने की जमकर मस्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** रविवार को केके पब्लिक स्कूल में बच्चों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त किड्स प्ले जोन का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया, जिसके बाद पूरे आयोजन का माहौल उत्साह और खुशी से भर गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व विधायक संगीत सिंह सोम ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे खेल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि अब बड़े शहरों के मॉल जैसी सुविधाएं सरधना में भी उपलब्ध हो रही हैं, जिससे बच्चों को बेहतर माहौल मिलेगा। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि इस किड्स प्ले जोन में बच्चों के खेल के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास का भी विशेष ध्यान रखा गया है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विभिन्न खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और जमकर आनंद उठाया। साथ ही सभी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बच्चों के साथ आए अभिभावकों के लिए भी विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्कूल की ओर से सभी अभिभावकों को उपहार भी वितरित किए गए। इसके अलावा स्कूल में छात्रों के लिए 76 इंच का स्मार्ट टच बोर्ड भी स्थापित किया गया है, जिसके माध्यम से डिजिटल क्लासेस संचालित की जाएंगी, जिससे शिक्षा को और अधिक आधुनिक और प्रभावी बनाया जा सकेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सूर्यदेव त्यागी ने की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष भाजपा विनोद जैन, डॉ. महेश सोम, विमला अरोरा, अजय गौतम, उमा त्यागी, सुमित वाल्मीकि, संजीव पंवार, नीरज जैन सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## चेयरपर्सन पति ने अंबेडकर पार्क निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में मीठेपुर मार्ग पर डूडा कॉलोनी के निकट बन रहे अंबेडकर पार्क के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे। चेयरपर्सन पति हाजी शकील कुरैशी ने कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने पार्क में बाबा साहब की प्रतिमा लगाने के लिए भी कार्य शुरू कराया। वहीं चेयरपर्सन हज्जन अफताब ने जानकारी देते हुए बताया कि अंबेडकर पार्क के बराबर में ही लगभग एक बीघा भूमि में स्थानीय लोगों के लिए निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसमें वह अपनी बहन बेटियों की शादी कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि यहां शादी के लिए खाना बनाने की जगह का भी इंतजाम किया गया है। उन्होंने बताया कि यहां आसपड़ोस के गरीब लोगों को काफी राहत मिलेगी। चेयरपर्सन ने कहा कि यहां पर एससी समाज के लोग ज्यादा निवास करते है इसलिए अंबेडकर पार्क के साथ साथ बहन बेटियों की शादी के लिए भी जगह का इंतजाम कराया जा रहा है। वहीं चेयर पर्सन पति हाजी शकील कुरैशी के अलावा सभासद पति मनोज जाटव, प्रवीण जाटव, आदेश सैनी, सुधीर जाटव, वेद जाटव, अब्दुल हक, सोनी, हाजी राशिद, बिट्टू आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

- एक बीघा भूमि बढ़ाकर बनाया जा रहा बारात घर: हज्जन आफताब

# दादरी रैली के लिए हर्रा नगर पंचायत से नौजवानों के साथ पहुंचे हाजी अजीज अहमद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** रविवार को गाजियाबाद के दादरी में आयोजित होने वाली समाजवादी समानता भाईचारा रैली में भाग लेने के लिए नगर पंचायत हर्रा से समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं का उत्साहपूर्ण जत्था रवाना हुआ। इस दौरान समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव हाजी अजीज अहमद के नेतृत्व में बड़ी संख्या में नौजवान साथी रैली के लिए प्रस्थान किए। हाजी अजीज अहमद, जो 43 सिवाल खास विधानसभा से पूर्व विधायक प्रत्याशी भी रह चुके हैं, ने कहा कि यह रैली सामाजिक समानता, भाईचारा और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का संदेश देगी। उन्होंने बताया कि रैली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के विचारों को सुनने के लिए कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। प्रस्थान के दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी के झंडे और नारों के साथ जोश और उमंग का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कई स्थानीय पदाधिकारी और समर्थक भी मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर रैली को सफल बनाने का संकल्प लिया। रैली में भाग लेने के लिए क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है, जिससे पार्टी को आगामी चुनावों में मजबूती मिलने की उम्मीद है।



## ग्राम पूठी में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम पूठी में भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान जय किसान इंटर कॉलेज पूठी में संपन्न हुआ। जिसमें भाजपा की नीति व जनता के बीच जाकर भाजपा की उपलब्धियां को बताने की बात कही गई। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य मंत्री दिनेश खटीक ने शनिवार को किया। इस मौके पर दिनेश खटीक ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को गांव गांव जाकर भाजपा की नीतियों व विकास के बारे में जानकारी देनी चाहिए जिससे लोगों को डबल इंजन सरकार के बारे में पता चल सके उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कार्य करने की भी बात कही वहीं रविवार को कार्यक्रम का समापन हुआ जिसमें जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विमल शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य भूमिका जय किसान इंटर कॉलेज पुठी के प्रधानाचार्य डॉक्टर इंद्रेश अधाना की रही। वहीं पूर्व ब्लाक प्रमुख केपी खूंटी, पराग डेयरी के चेयरमैन बलराज गुर्जर, साबे प्रधान, भाजपा नेता संजीव बंसल, सोनू त्यागी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भट्टे पर ठेके के नाम पर 3 लाख की ठगी

## पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर किया मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना। थाना** क्षेत्र के गांव सांपला निवासी सुमित कुमार के साथ ईंट भट्टा चलाने के नाम पर 3 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित सुमित कुमार ने बताया कि कस्बा ऊन स्थित उसके श्री बाला जी ब्रिक्स फील्ड ईंट भट्टे के लिए वर्ष 2025 में आग जलाने (जलाईया) के काम हेतु बिहार निवासी प्रेमचंद से ठेका तय हुआ था। आरोप है कि अगस्त 2024 में बात. चीत के दौरान आरोपी ने एडवांस की मांग की और फरवरी 2025 तक मजदूर भेजने का आश्वासन दिया। पीड़ित के अनुसार उसने अलग-अलग तिथियों में कुल 3 लाख रुपये आरोपी प्रेमचंद व उसके कहने पर लालू कुमार के खातों में ट्रांस्फर कर दिए। लेकिन तय समय पर कोई मजदूर नहीं भेजे गए। बार-बार संपर्क करने पर भी आरोपी टालमटोल करता रहा, जिससे पीड़ित को खुद ही अन्य व्यवस्था करनी पड़ी। आरोप है कि जब पीड़ित ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने साफतौर पर रकम लौटाने से इंकार कर दिया और खुद को अन्य भट्टा मालिकों से भी इसी तरह ठगी करने की बात कही। पीड़ित ने इस संबंध में चौकी ऊन व थाना झिंझाना में शिकायत दी, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई।

इसके बाद पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक शामली को प्रार्थना पत्र दिया, फिर भी कार्रवाई न होने पर न्यायालय की शरण ली। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कैराना ने मामले को गंभीर मानते हुए थाना झिंझाना को मुकदमा दर्ज कर जांच के आदेश दिए। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों प्रेमचंद, लालू कुमार व अन्य के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक राकेश कुमार को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# स्टेट जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए ट्रायल 3 अप्रैल को

**शाह टाइम्स संवाददाती**

**शामली।** एथलेटिक्स संघ के सचिव जबर सिंह खैवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 3 अप्रैल को ट्रायल की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ट्रायल में चयनित खिलाड़ी 8 और 9 अप्रैल को प्रयागराज स्थित पंडित मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे। ट्रायल के दौरान विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा। इनमें 100, 200, 400, 800, 1500, 3000 और 5000 मीटर दौड़ के साथ-साथ 110 और 400 मीटर हर्डल, 3000 मीटर स्टेबलचेज भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त फील्ड इवेंट्स में पोल वॉल्ट, ऊंची कूद, लंबी कूद, ट्रिपल जंप, गोला फेंक, चक्का फेंक, भाला फेंक, हैमर थ्रो तथा 5000 मीटर रेस वॉक जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। सचिव ने बताया कि ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग लेने के पात्र होंगे, जिनकी जन्मतिथि 26 अप्रैल 2006 से 27 अप्रैल 2010 के बीच है। खिलाड़ियों को ट्रायल में भाग लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

# महिला पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**कैराना।** थाना कैराना क्षेत्र के गांव भूरा में महिला पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी को गिर फ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, 25 मार्च को ग्राम भूरा निवासी शबनम पत्नी इसरान के साथ गांव के ही इन्तजार पुत्र सालिम ने मारपीट करते हुए जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया था। घटना के बाद पीड़िता की तहरीर पर थाना कैराना में आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया था।मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक शामली नरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया गया। इसी क्रम में रविवार को संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग के दौरान थाना कैराना पुलिस ने आरोपी इंतजार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक विनोद राघव व कांस्टेबल मोनू कुमार शामिल रहे।

# चौधरी महावीर सिंह निर्वाल की पुण्यतिथि पर हुई कुश्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव सेहटा में रविवार को चौधरी महावीर सिंह निर्वाल की पुण्यतिथि के अवसर पर एक विशाल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों और प्रदेशों से आए खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल खेलों के प्रति युवा वर्ग को प्रोत्साहित करना था, बल्कि शारीरिक और मानसिक मजबूती की दिशा में युवाओं को प्रेरित करना भी था।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रसन्न चौधरी और अंतरराष्ट्रीय पहलवान पिंटू पहलवान ने फीता काटकर किया। इस दौरान सभी अतिथियों का जोरदार स्वागत किया गया। विधायक प्रसन्न चौधरी ने कहा कि खेल जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आज की तेज़





भागदौड़ वाली जिंदगी में युवा शारी. रिक रूप से मजबूत और मानसिक रूप से सशक्त रहने के लिए खेलों की ओर अधिक ध्यान दें। प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग की अलग-अलग कुश्ती आयोजित की गई। विभिन्न जनपदों और प्रदेशों से आए खिलाड़ियों ने दर्शकों को रोमांचक मुकाबले दिखाए। प्रतियोगिता के दौरान हर मैच में खिलाड़ियों ने अपनी ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अशोक पहलवान, संदीप संगल, विपिन गोयल, मुकेश गोयल, राहुल, रामतीर्थ गोयल, कपिल कांबोज, विरेन्द्र ब्विवकर्मा, देवानंद गौड, राजीव तोमर, धर्मवीर निर्वाल सहित कई स्थानीय और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

उन्होंने खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बनते हैं। प्रतियोगिता के अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों और दर्शकों का धन्यवाद किया और कहा कि आने वाले समय में भी इस प्रकार के खेल आयोजन नियमित रूप से कराए जाएंगे। इस अवसर पर स्थानीय समाज और खेल प्रेमियों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया, जिससे कार्यक्रम सफल रहा।

# जेवर एयरपोर्ट से बदलेगी पश्चिमी यूपी की तस्वीर

## जनपद शामली को मिलेगा सीधा लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के लोकार्पण के साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश में विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। अब तक गुरुग्राम और नोएडा तक सीमित विकास का दायरा आगे बढ़ेगा, जिसका सीधा लाभ शामली जनपद को भी मिलेगा।

विशेषज्ञों के अनुसार, जेवर एयरपोर्ट के शुरू होने से पश्चिमी यूपी में एक नया विकास गलियारा तैयार होगा, जिसमें शामली एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभर सकता है। बेहतर कनेक्टिविटी के चलते यहां निवेश बढ़ने और आर्थिक गति. विधियों में तेजी आने की संभावना है। शामली की दिल्ली-सहारनपुर कॉरिडोर, राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे से मजबूत कनेक्टिविटी इसे लॉजिस्टिक्स हब के रूप में विक. सित होने में मदद करेगी। एयरपोर्ट से जुड़ने के बाद माल ढुलाई तेज होगी और व्यापार को नई दिशा मिलेगी। कृषि क्षेत्र में भी इसका सकारात्मक असर देखने को मिलेगा। गन्ना उत्पादन के लिए प्रसिद्ध शामली के किसान अब एयर कार्गो के माध्यम से अपने उत्पाद देश-विदेश के बाजारों तक भेज सकेंगे, जिससे उन्हें बेहतर मूल्य मिलने की संभावना है। 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' योजना के तहत जिले के प्रमुख उत्पाद गुड़, रिम एंड एक्सल तथा लोहकला को भी नया बाजार मिलेगा। इससे स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को लाभ होगा। औद्योगिक क्षेत्र में भी शामली की संभावनाएं बढ़ेंगी। नोएडा और आसपास के क्षेत्रों में महंगी जमीन के कारण उद्योग अब सस्ते और बेहतर कनेक्टिविटी वाले क्षेत्रों की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे शामली में छोटे और मध्यम उद्योगों के स्थापित होने की संभावना है। इसके साथ ही वेयरहाउस और लॉजिस्टिक्स पार्क के विकास से रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। रियल एस्टेट क्षेत्र में भी तेजी आने के संकेत हैं। निवेशकों की नजर अब शामली पर टिक सकती है, जिससे नई कॉलोनियां और व्यावसायिक केंद्र विकसित होंगे। युवाओं के लिए यह परियोजना रोजगार के नए अवसर लेकर आएगी। एयरपोर्ट और उससे जुड़े सेक्टरों में स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलने से पलायन में कमी आने की उम्मीद है। जेवर एयरपोर्ट की प्रारंभिक क्षमता लगभग 1.2 करोड़ यात्रियों की है, जिसे भविष्य में 7 करोड़ तक बढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा कार्गो क्षमता को भी 2.5 लाख टन से बढ़ाकर 15 लाख टन तक किया जाएगा। यह एयरपोर्ट ग्रीन एनर्जी और आधुनिक तकनीकों से लैस होगा। सरकार का मानना है कि यह परियोजना प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगी और करीब एक लाख करोड़ रुपये का आर्थिक योगदान दे सकती है। कुल मिलाकर, जेवर एयरपोर्ट के संचालन से शामली के विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद है और यह जनपद आने वाले समय में पश्चिमी यूपी के प्रमुख आर्थिक केंद्रों में शामिल हो सकता है।

# अश्लील फोटो से ब्लैकमेल का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव भूरा में महिला ने गांव के ही युवक पर अश्लील फोटो के जरिए ब्लैकमेल करने और विरोध करने पर मारपीट कर गला दबाने का आरोप लगाते हुए बताया कि एक युवक उस पर बुरी नजर रखता था। आरोप है कि 25 मार्च की शाम करीब साढ़े पांच बजे जब वह शामली रोड स्थित कल्सयान चौपाल के पीछे से गुजर रही थी, तभी आरोपी ने उसे रोक लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसे नीचे गिराकर गला दबा दिया और जान से मारने का प्रयास किया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े तो आरोपी धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया। पीड़िता का कहना है कि घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हुई है। पुलिस का कहना है कि महिला की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# रास्ता मांगने पर युवक पर हथौड़ी से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव भूरा निवासी आरिज पुत्र साबिर ने कोतवाली कैराना में दी तहरीर में बताया कि 20 मार्च की रात करीब साढ़े नौ बजे वह अपने घर से ताऊ जाबिर के घर जा रहा था। आरोप है कि ठकराणा वाले मंदिर के पास अहसान पुत्र मेजर, सुफियान पुत्र दिलशाद, उस्मान पुत्र अबला और एक अज्ञात युवक गंधक डालकर लोहे की पाइप से बनी हथौड़ी से पटाखे फोड़ रहे थे। पीड़ित के अनुसार जब उसने उनसे रास्ता देने को कहा तो आरोपी भड़क गए और गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि आरो. पियों ने लोहे की हथौड़ी से उसके सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल गया। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# डीएवी में 32वां वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

## स्कूल में मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** डीएवी पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वही मेधावियों को सम्मानित किया गया।

डीएवी पब्लिक स्कूल में 32वां वार्षिक परीक्षा परिणाम बड़े उत्साह के साथ घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को स्कूल चेयरमैन आशीष मित्तल द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए चेयरमैन ने कहा कि कड़ी मेहनत,



अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने सभी छात्रों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। परिणाम के अनुसार कक्षा आठ में सोफिया ने प्रथम, भव्या मित्तल ने द्वितीय और अशहद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सात में अलाविया प्रथम, प्रियांशी द्वितीय और सृष्टि तृतीय रहीं। कक्षा छह में सिद्धा प्रथम, फातमा जारा द्वितीय तथा काव्या तृतीय स्थान पर रही।

कक्षा पांच में आरण्य ने प्रथम, आयांश ने द्वितीय और अवनि रोसवाल ने तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा चार में बुशरा प्रथम, आयजा द्वितीय और वलिया तृतीय रहीं। कक्षा तीन (अ) में जुबिया प्रथम, अक्षिता द्वितीय और अलजिया तृतीय रही, जबकि कक्षा तीन बी में सोफिया प्रथम, फैज द्वितीय और आर्यन तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दो (अ) में आव्या संगल प्रथम, इमराना द्वितीय और विवान तृतीय रहे, वहीं कक्षा दो (बी) में मिशिका प्रथम, समर्थ द्वितीय और वीर तृतीय रहे। कक्षा एक (अ) में आतीफा प्रथम, मंजीत द्वितीय और इंशा सिद्दीकी तृतीय रही, जबकि कक्षा एक (बी) में ओमया वर्मा प्रथम, उमर द्वितीय और शौर्य शर्मा तृतीय रहे। केजी कक्षा में जूनेरा व इनाया संयुक्त रूप से प्रथम रहे। नर्सरी और प्ले ग्रुप के बच्चों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ के सदस्य रेशु बेदी, नीतू कश्यप, रेखा, विनीत कुमार, सन्नी पंवार सहित सभी शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ।

# मंत्री परिषद की बैठक में चुनाव पर होगा मंथन

## 7 अप्रैल को मथुरा के होटल गोगा गैलेक्सी में होगी बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की मंत्री परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक आगामी 7 अप्रैल को मथुरा स्थित होटल गोगा गैलेक्सी में आयोजित की जाएगी। इस बैठक को संगठन के लिए बेहद अहम माना जा रहा है, जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है। बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन घनश्याम दास गर्ग करेंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में व्यापार मंडल आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा फैसला ले सकता है। संगठन अपने प्रत्याशी उतारने की विधिवत घोषणा करेगा और चुनावी रणनीति को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि चुनावी तैयारियों को मजबूत बनाने के लिए एक कोऑर्डिनेशन कमेटी का गठन भी किया जाएगा। इस कमेटी की जिम्मेदारी संगठन के किसी वरिष्ठ पदाधिकारी को सौंपी जाएगी, जो पूरे चुनावी अभियान की रूपरेखा तैयार करने और उसे लागू करने का कार्य करेगा।

घनश्याम दास गर्ग के अनुसार, मंत्री परिषद में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से कुल 21 सदस्य शामिल होते हैं। इनमें शामली से चार, मुजफ्फरनगर से तीन, गाजियाबाद, मुरादाबाद और आगरा से दो-दो सदस्य, जबकि संभल, अलीगढ़ और सहारनपुर से एक-एक सदस्य शामिल हैं। बैठक में सभी सदस्य अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं और सुझावों को भी साझा करेंगे। बैठक के दौरान संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक जिले से कम से कम 500 सक्रिय सदस्य जोड़ने का प्रस्ताव भी रखा जाएगा। इसके अलावा वर्ष 2026 में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की जाएगी और उनकी तिथियां निर्धारित की जाएंगी। कार्यक्रम के दूसरे सत्र का आयोजन शाम 4 बजे से 6 बजे तक होगा। इस सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली के चांदनी चौक से सांसद एवं कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल शामिल होंगे, जो व्यापारियों को संबोधित करेंगे। यह बैठक संगठन की आगामी रणनीति और गतिविधियों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# तेज रफ्तार बाइक ट्रक से टकराई, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर कोतवाली क्षेत्र के गांव झाल के निकट रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार बाइक ट्रक से टकरा गई, जिससे बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार, गांव खंद्रावली निवासी देव अपने साथी विनय, निवासी गांव लिलौन, के साथ किसी कार्य से बाइक पर सवार होकर बुढाना की ओर जा रहे थे। बताया जाता है कि जब वे गांव झाल के पास पहुंचे, तभी तेज गति के कारण बाइक सवारों का संतुलन बिगड़ गया। इसी दौरान सामने चल रहे ट्रक को देखकर वे संभल नहीं सके और बाइक सीधे ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों की भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

# स्कूटी सवार को कार ने मारी टक्कर

झिंझाना। गाड़ी वाला चौराहा स्थित फ्लाईओवर पर एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरा. पी चालक मौके से वाहन सहित फरार हो गया। गांव शेखुपुरा निवासी प्रमोद कुमार 22 मार्च 2026 की सुबह करीब 7 बजे अपनी स्कूटी फ्लाईओवर पार कर रहे थे। तभी पीछे से आई एक कार जिसे अहमदगढ़ निवासी योगेश पुत्र जीतपाल चला रहा था, ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायल को राजकीय चिकित्सालय शामली पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे करनाल रेफर किया गया। पीड़ित की आंख में गंभीर चोट आने के कारण मधुबन स्थित अस्पताल में सर्जरी करानी पड़ी। पीड़ित ने बताया कि इलाज के बाद स्वास्थ्य में सुधार होने पर उसने 28 मार्च को थाना झिंझाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच उपनिरीक्षक सतीश सिंह को सौंपी गई है।

# दादरी रैली में शामली से पहुंचे सैकड़ों सपा कार्यकर्ता

## कैराना विधानसभा से भी सांसद इकरा हसन और नाहिद हसन के नेतृत्व में दादरी पहुंची बसें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समाजवादी पार्टी द्वारा दादरी में आयोजित हसमाजवादी समानता एवं भाईचारा रैली में जनपद शामली से सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में आयोजित इस रैली में शामिल होने के लिए कार्यकर्ता भारी उत्साह के साथ दादरी पहुंचे और अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।

रैली में शामिल होने से पूर्व जिले भर से सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता भैंसवाल रोड स्थित पार्टी के जिला कार्यालय पर एकत्र हुए। यहां पर रैली को लेकर कार्यकर्ताओं





में खासा उत्साह देखने को मिला। इसके बाद प्रोफेसर सुधीर पंवार और पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल ने जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी के नेतृत्व में वाहनों के काफिले को रवाना किया। दर्जनों वाहनों के इस काफिले में पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदा. धिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे। काफिले के रवाना होते समय पार्टी कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए जोश और उत्साह का प्रदर्शन किया। इसके अलावा कैराना विधानसभा क्षेत्र से भी सैकड़ों कार्यकर्ता सांसद इकरा हसन और नाहिद हसन के नेतृत्व में बसों और निजी वाहनों से दादरी पहुंचे। रैली में शामिल कार्यकर्ताओं ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के आहवान पर बड़ी संख्या में लोग रैली में पहुंचे हैं, जो संगठन की मजबूती और जनसमर्थन को दर्शाता है। कार्यकर्ताओं का कहना था कि आने वाले समय में पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए ऐसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि आगामी माह में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का शामली जनपद में कार्यक्रम प्रस्तावित है। कार्यक्रम की तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी, जिसे लेकर कार्यकर्ताओं में अभी से उत्साह बना हुआ है। कुल मिलाकर दादरी रैली में शामली के कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी ने संगठन की मजबूती का संदेश दिया और इसे एक सफल आयोजन के रूप में देखा जा रहा है।

# मेपल्स में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

## मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर स्थित मेपल्स एकेडमी में रविवार को कक्षा 5 से 11 तक की वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक मुकेश संगल और प्रधानाचार्य डॉ. मुकेश शर्मा ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से ही सफलता



प्राप्त की जा सकती है। साथ ही उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की सराहना करते हुए अन्य छात्रों को भी उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। घोषित परीक्षा परिणाम के अनुसार कक्षा 5 में अथर्व, नवनीत और अभिनव चौधरी ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कनक और प्रज्ज्वल द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि वैदिक, वासुद. 'व, ध्रुव खेवाल और ऋषभ ने तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा 4 में वेदिका, अक्षिका और आरव प्रथम, आशीष, देवांश और वर्णिका द्वितीय तथा अनंत, अवी, आदित्य मलिक, मानू, सत्या और वंश रीठालिया तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 7 में परिधि मलिक, विहान, हार्दिक शर्मा और आनिया मलिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि वैभव प्रताप सिंह द्वितीय और अविक बलियान तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 8 में अक्षिता शर्मा और चेतना प्रथम, अंश चौधरी, यशर खान, वंश शर्मा और तन्वी द्वितीय तथा छवि, दीपांशु, हीना और ईशिका तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 9 में तेजस्वी और वेदांशी पंवार ने द्वितीय तथा वंश मलिक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11 में विभिन्न वर्गों में नीतिक्षा तरार, नरोत्तम और परी गर्ग प्रथम स्थान पर रहे, जबकि रुद्राक्षी पंवार, सना और अवनी चौधरी द्वितीय तथा नीरू, अनुष्का जिंदल और तनिष्क पंवार तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रशासन ने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। पूरे आयोजन के दौरान विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

# 178 ग्राम चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत स्थानीय पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 178 ग्राम अवैध चरस बरामद की है। पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देश पर जनपदभर में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। इसी क्रम में थानाभवन क्षेत्र में चौकी इंचार्ज रणपाल सिंह के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल जर्रार अहमद और कांस्टेबल अनिल कुमार गश्त पर थे। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम जलालाबाद स्टेशन रोड पर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखे हुए थी। इसी दौरान पुलिस को एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में आता दिखाई दिया। पुलिस द्वारा रोककर तलाशी लेने पर उसके पास से 178 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी की पहचान राजा पुत्र शब्बीरा निवासी मोहल्ला गंगा आर्यनगर, कस्बा जलालाबाद के रूप में हुई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी काफी समय से क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त बताया जा रहा है और उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि जनपद में नशा तस्करों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशा तस्करों के बीच हड़कंप मचा हुआ है, वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी दबोचा

**कैराना।** थाना क्षेत्र से नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया था। पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर थाना कैराना में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देश पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया गया। इसी क्रम में शनिवार रात पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी फैसल पुत्र परवेज निवासी ग्राम हलगोआ, थाना रामपुर मनिहारन, जिला सहारनपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी बरामद की है। गिरफ्तारी की कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के पर्यवेक्षण में की गई। पुलिस टीम में उपनि. रीक्षक विनोद राघव, कांस्टेबल सोनू भाटी और मोनू कुमार शामिल रहे।

